भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1013

सोमवार 29 जुलाई, 2024/07 श्रावण, 1946 (शक)

असम के लिए ई-श्रम पोर्टल की प्रगति

1013. श्री गौरव गोगोई:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में वर्तमान में ई-श्रम पोर्टल आरंभ किए जाने की जिला-वार स्थिति क्या है;

(ख) जून, 2024 तक असम राज्य में अनौपचारिक कामगारों द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर किए गए पंजीकरणों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) जून, 2024 की स्थिति के अनुसार योजना द्वारा गारंटीकृत सामाजिक सुरक्षा के लाभार्थियों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त राज्य में अनौपचारिक कामगारों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर जागरूकता को बढ़ावा देने और पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने असंगठित कामगारों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने हेतु 26 अगस्त 2021 को आधार के साथ जुड़ा सत्यापित ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) आरंभ किया है। ई-श्रम पोर्टल असंगठित कामगारों को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान करके उन्हें पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करना है। 22 जुलाई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, 29.82 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करा लिया गया है।

असम राज्य में पंजीकृत ई-श्रम कार्ड प्राप्त असंगठित कामगारों, का जिला-वार ब्यौरा संलग्न है।

मंत्रालय ने जागरूकता बढ़ाने और ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण में तेजी लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। मंत्रालय द्वारा समय-समय पर सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के समन्वय से कई पंजीकरण शिविर और अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। ई-श्रम पर पंजीकरण करने के लिए कामगारों के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया

जारी....2/-

जा रहा है। असंगठित कामगारों के सहायता प्राप्त मोड(असिस्टिड मोड) पंजीकरण की सुविधा हेतु राज्य सेवा केंद्रों (एसएसके) और कॉमन सर्विस सेंटरों की सेवाओं को शामिल किया गया था। ई-श्रम को यूनिफाइड मोबाइल एप्लीकेशन फॉर न्यू-एज गवर्नेंस (उमंग ऐप) पर भी शामिल किया गया है, जिससे कि कामगारों के बीच पहुंच बढ़ाई जा सके और उनके मोबाइल पर पंजीकरण/ अद्यतन सुविधा प्रदान की जा सके।

* *****

अनुबंध

'असम के लिए ई-श्रम पोर्टल की प्रगति'के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 947 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

30 जून 2024 तक की स्थिति के अनुसार असम राज्य के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की जिलेवार संख्या:

क्रम. सं.	जिले का नाम	पंजीकरण संख्या
1	बारपेटा	4,98,613
2	नगाँव	4,97,168
3	धुबरी	4,26,496
4	कामरूप	3,67,411
5	कछाड़	3,64,357
6	दरंग	2,84,690
7	मोरीगाँव	2,79,823
8	करीमगंज	2,77,384
9	डिब्रूगढ़	2,60,916
10	ग्वालपाड़ा	2,51,116
11	होजाई	2,50,325
12	बक्सा	2,48,628
13	लखीमपुर	2,48,402
14	गोलाघाट	2,48,389
15	सोनितपुर	2,37,393
16	कामरूप मेट्रो	2,11,682
17	तिनसुकिया	2,08,580
18	जोरहाट	2,04,160
19	बोंगाईगांव	1,96,889
20	नलबाड़ी	1,94,964
21	कोकराझार	1,83,981
22	हैलाकांडी	1,63,760
23	शिवसागर	1,56,519
24	उदलगुड़ी	1,53,960
25	धेमाजी	1,45,079
26	विश्वनाथ	1,36,547
27	दक्षिण सलमारा-मनकाचर	1,19,450
28	चिरांग	1,03,353
29	कार्बी आंगलोंग	94,607
30	चराइदेव	81,234

31	माजुली	42,803
32	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	34,652
33	दीमा हसाओ	17,845
34	बजाली	7,981
	कुल	71,99,157

*****